(क) अभी तक ऐसा कोई निर्णय नहीं किया गया है।

(ख) सवाल नहीं उठता।

(ग) आकाशवाणी के केन्द्र अपने राज्य-क्षेत्र के बाहर के लोगों के साहित्य, संस्कृति तथा जीवन से सम्बन्धित कार्यक्रम पहले ही प्रसारित कर रहे हैं। तथापि, भाग (क) में उल्लिखित रूपक कार्यक्रम चालू करने का सुझाव आकाशवाणी के अधिकारियों के विचाराधीन है।

**पत्र सूचना कार्यालय में हिन्दी अधिकारी**

2875. **श्री मोलहू प्रसाद :**
**श्री राम चरण :**
**श्री ओम प्रकाश त्यागी :**

क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पत्र सूचना कार्यालय में हिन्दी तथा अंग्रेजी के अधिकारी तथा अन्य कर्मचारी कितने कितने हैं;

(ख) उनके वेतनमान क्या-क्या हैं,

(ग) क्या सभी प्रेस-रिपोर्ट हिन्दी में भी जारी करने की दृष्टि से हिन्दी अधिकारियों तथा अन्य कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) :** (क) पत्र सूचना कार्यालय न्यूजरीलीज तथा प्रचार सामग्री अंग्रेजी के अतिरिक्त हिन्दी तथा 12 अन्य भारतीय भाषाओं में जारी करता है। जबकि कुछ पदों के लिए किसी न किसी भारतीय भाषा में प्रवीणता की आवश्यकता होती है, दूसरे पदों पर जो व्यक्ति हैं, जिनमें कई ऐसे व्यक्ति भी शामिल हैं जो किसी न किसी भारतीय भाषा में निपुण है और केवल अंग्रेजी में प्रचार सामग्री ही तैयार नहीं करते बल्कि अन्य कार्य भी देखते हैं जिसमें योजना बनाना, बहुभाषी प्रचार की देखभाल करना, जनसम्पर्क आदि का कार्य भी शामिल है। अतएव, यह अंग्रेजी के अधिकारियों और कर्मचारियों को अलग-अलग श्रेणी बद्ध करना सम्भव नहीं है। पत्र सूचना कार्यालय में जिन पदों में हिन्दी में प्रवीणता की आवश्यकता है, वे केन्दीय सूचना सेवा के निम्नलिखित ग्रेडों में हैं :—

प्रथम ग्रेड :-700-40-1100-50/2-1250 रुपये

द्वितीय ग्रेड :-400-400-450-30-600-35-670-द० अ०-35-950 रुपये

तृतीय ग्रेड :-350-25-500-30-590-द० अ०-30 800 रुपये

चतुर्थ ग्रेड :-270-10-290-15-410-द० अ० 15-485 रुपये

प्रथम ग्रेड में एक, द्वितीय । तृतीय ग्रेड में नौ तथा चतुर्थ ग्रेड में कुल 20 कर्मचारी है।

(ख) उन पदों के, जिनके लिए हिन्दी में प्रवीणता की आवश्यकता है, वेतनमान भी वही है, जो केन्द्रीय सूचना सेवा के प्रत्येक ग्रेड के अन्य पदों के हैं।

(ग) हिन्दी के प्रचार कार्य में सुधार करने के लिये पत्र सूचना कार्यालय के मुख्यालय में वर्तमान हिन्दी एकक में कर्मचारियों की संख्या में निम्न प्रकार से वृद्धि करने का एक प्रस्ताव विचाराधीन है :—

उप प्रधान सूचना अधिकारी :-एक, 1100-1400 रुपये । 1300-1600 रुपये

सूचना अधिकारी :-तीन, 700-1250 रुपये

सूचना सहायक : तीन, 270-485 रुपये

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

**आकाशवाणी के संवाददाता**

2876. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
**श्री मोलहू प्रसाद :**

क्या सूचना और प्रसारण तथा संचार मंत्री यह बतानें की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी के संवाददाताओं की